# शिलान्यास की तैयारी परखेंगे योगी

नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के 25 नवंबर को होने वाले शिलान्यास की तैयारी का जायजा लेने के लिए आएंगे। वह सीधे सभास्थल पहुंचेंगे और वहीं पर अफसरों के साथ बैठक करेंगे। उनके आगमन की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही सोमवार को एसपीजी की टीम कार्यक्रम स्थल पहुंची और तैयारियों का जायजा लिया। बुधवार को एसपीजी कार्यक्रम स्थल को अपने अधीन ले लेगी।

जेवर एयरपोर्ट का शिलान्यास 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसकी तैयारी तेजी के साथ चल रही है। मंच से लेकर हेलीपैड तक में बचे हुए काम पूरे किए जा रहे हैं। तैयारी का जायजा लेने के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आएंगे। बताया जा रहा है कि वह तीन बजे के बाद आएंगे। वह सीधे जनसभा स्थल पर उतरेंगे। सभा स्थल पर ही वह अफसरों के साथ बैठक करेंगे। करीब 45 मिनट तक मुख्यमंत्री वहीं पर रहेंगे। तैयारी को लेकर वह जरूरी दिशा-निर्देश भी देंगे। यहां से मुख्यमंत्री के दिल्ली जाने का कार्यक्रम है। डीसीपी ग्रेटर नोएडा अमित कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के आने की तैयारी पूरी हो चुकी है।